सराहनीय कार्य, जालौन पुलिस

दिनांक 07.07.2024

थाना रामपुरा पुलिस टीम द्वारा हत्या की घटना का सफल अनावरण कर घटना से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनकी निशादेही पर आलाकत्ल (01 अदद रस्सी) को बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

दिनांक 03.07.2024 को वादी श्री अवध किशोर पुत्र रामप्रकाश कुशवाहा नि0 ग्राम गिधौसा थाना जालौन जनपद ने थाना रामपुरा में तहरीरी सूचना दी गयी कि दि0-28.06.2024 व समय करीब 2.30 बजे मेरा चचेरा भाई सोनू पुत्र छोटे लाल कुशवाहा उम्र करीब 30 वर्ष नि0 ग्राम गिधौसा थाना जालौन जनपद जालौन घर से पानी पूडी का धन्धा करने की बोलकर निकला था। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरे चचेरे भाई सोनू की हत्या कर उसके शव को ऊमरी रामपुरा रोड भदौरिया पेट्रोल पम्प के आगे सड़क किनारे कुए के अन्दर फेंक दिया। वादी की तहरीर के आधार पर थाना रामपुरा मे मु0अ0सं0 82/24 धारा 302/201 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

दिनांक 06.07.2024 को थाना रामपुरा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर / वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी के दौरान विवेचना से प्रकाश में आये अभि0गण (1) ओमप्रकाश पुत्र अमर सिंह कुशवाहा उम्र करीब 36 वर्ष नि0 ग्राम खकसीस थाना रेंढर जनपद जालौन (2) दीपक कुशवाहा पुत्र अमर सिंह उम्र करीब 28 वर्ष नि0 ग्राम मकरन्दपुरा थाना जालौन जनपद जालौन (3) कप्तान सिंह उर्फ रवि कुशवाहा पुत्र स्व० माता प्रसाद उम्र करीब 32 वर्ष नि0 ग्राम क्यामढ़ी थाना जालौन जनपद जालौन को गिरफ्तार कर अभियुक्तगणों की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त किये गये 01 अदद रस्सी (आलाकत्ल) को बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

पूंछतांछ में गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि सोनू पुत्र छोटे लाल कुशवाहा नि० ग्राम गिंधौसा थाना जालौन जनपद जालौन को बहाने से सात मील के पास बुलाकर अपनी वैगनआर कार नं0 UP.92.J 7095 के अन्दर सोनू उपरोक्त की रस्सी से गला दबाकर हत्या कर शव को ले जाकर ऊमरी रामपुरा के सड़क के किनारे स्थित कुएं में फेक दिया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

1- ओमप्रकाश पुत्र अमर सिंह कुशवाहा नि0 ग्राम खकसीस थाना रेंढर जनपद जालौन
2- दीपक कुशवाहा पुत्र अमर सिंह नि0 ग्राम मकरन्दपुरा थाना जालौन जनपद जालौन
3- कप्तान सिंह उर्फ रवि कुशवाहा पुत्र स्व0 माता प्रसाद नि0 ग्राम क्यामढ़ी थाना जालौन जनपद जालौन

बरामदगी का विवरण-

1. 01 अदद रस्सी (आलाकत्ल)
2. 01 अदद बैग व 01 अदद जूता (मृतक का)
3. 01 अदद वैगनआर कार नं0 UP-92 J-7095

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-

1. थानाध्यक्ष रामपुरा मय टीम जनपद जालौन।